# लखनऊ समेत चार जिलों में फ्लैटेड फैक्ट्री बनेंगी

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

योगी सरकार लखनऊ, महोबा, ललितपुर व रामपुर में नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करेगी। यहां पर फ्लैटेड फैक्ट्री भी लगेगी। ओडीओपी योजना के तहत खुर्जा में पॉटरी काम्पलेक्स विकसित होगा। इसके अलावा अलीगढ़ में 150 एकड़ क्षेत्र में औद्योगिक क्लस्टर विकसित किया जाएगा।

अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम नवनीत सहगल की अध्यक्षता में शनिवार को उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम के बोर्ड की बैठक में यह निर्णय लिए गए। नवनीत सहगल ने बताया कि अलीगढ़ के ख्यामई गांव में औद्योगिक आस्थान विकसित करने के लिए 150 एकड़ भूमि पुर्नग्रहीत की गई है। इसमें औद्योगिक, कामर्शियल व उद्योगों में काम करने वाले कामगारों के लिए आवसीय सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।



नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव

इस औद्योगिक आस्थान में इलेक्ट्रोप्लेटिंग, कास्टिंग, पाउडर कोटिंग व अन्य विभिन्न प्रकार के उद्योगों को स्थापित किया जाएगा तथा अलग-अलग प्रकार के उद्योगों के लिए क्लस्टर विकसित करने के साथ कामन ईटीपी भी लगाया जाएगा। फ्लैटेड फैक्ट्री स्थापित करने के लिए भी स्थान का चिन्हांकन कर लिया गया है।

बैठक में बोर्ड के उपाध्यक्ष राकेश गर्ग, प्रबंध निदेशक रामयज्ञ मिश्र, निदेशक राजीव कुमार श्रीवास्तव एवं अजय जौहरी के अलावा विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।